**भारत सरकार**

**पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या. 3535**

**दिनांक 03.04.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण की स्थिति

**3535. श्रीमती विप्लव ठाकुरः**

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत एक वर्ष के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार कितने शौचालयों का निर्माण किया गया है;

(ख) प्रति शौचालय निर्माण लागत कितनी है और सरकार उक्त प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि प्रदान करती है;

(ग) क्या सरकार को उक्त प्रयोजनार्थ प्रदान की जा रही धनराशि के वितरण में अनियमितताओं के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में राज्य–वार क्या–क्या सुधरात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) वर्ष 2016-17 के दौरान 30.03.2017 तक निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की राज्य/संघ राज्य वार क्षेत्र संख्या **अनुलग्नक-1** पर है।

(ख) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम -जी) ऐसा कार्यक्रम है जो खुले में शौच की प्रथा को रोकने और गांव को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों में व्यवहारगत लाने पर बल देता है। एसबीएम (जी) के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को उनके शौचालय निर्माण हेतु प्रोत्साहन राशि दी जाती है। एसबीएम (जी) की शुरूआत से इस प्रोत्साहन राशि को 10,000 से बढ़ाकर 12,000 कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह 12000 की राशि शौचालय की लागत की प्रतिपूर्ति नहीं है जो देशभर में स्थलाकृति तथा अन्य भौगोलिक कारकों के आधार पर भिन्न-भिन्न हो सकती है, यह मात्र प्रोत्साहन है।

(ग) से (घ) भारत सरकार, ग्रामीण स्वच्छता कवरेज में तेजी लाने के लिए राज्यों को सुविधा देने हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम-जी) का कार्यान्वयन करती है। स्वच्छता राज्य का विषय है और कार्यक्रम का कार्यान्वयन राज्यों द्वारा किया जाता है। भारत सरकार की भूमिका तकनीकी और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की है। किसी भी क्षेत्र से यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल उसे उपयुक्त कार्रवाई हेतु संबंधित राज्य सरकारों को प्रेषित कर दिया जाता है।

## दिनांक 03-04-2017 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3535 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित विवरण

वर्ष 2016-17 के दौरान 30.03.2017 तक निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की राज्य/संघ राज्य वार क्षेत्र संख्या

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | निर्मित आईएचएचएल |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 941 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 680173 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 32297 |
| 4 | असम | 954885 |
| 5 | बिहार | 712029 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 1300663 |
| 7 | दादरा एवं नगर हवेली | 0 |
| 8 | गोवा | 0 |
| 9 | गुजरात | 1489033 |
| 10 | हरियाणा | 87074 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 80530 |
| 12 | जम्मू एवं कश्मीर | 67537 |
| 13 | झारखंड | 764289 |
| 14 | कर्नाटक | 666182 |
| 15 | केरल | 195090 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 1740446 |
| 17 | महाराष्ट्र | 1698373 |
| 18 | मणिपुर | 39125 |
| 19 | मेघालय | 40021 |
| 20 | मिजोरम | 2565 |
| 21 | नागालैंड | 1906 |
| 22 | ओडिशा | 1121199 |
| 23 | पुडुचेरी | 2279 |
| 24 | पंजाब | 102545 |
| 25 | राजस्थान | 2611129 |
| 26 | सिक्किम | 0 |
| 27 | तमिलनाडु | 702227 |
| 28 | तेलंगाना | 509883 |
| 29 | त्रिपुरा | 39920 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 1622539 |
| 31 | उत्तराखंड | 331447 |
| 32 | पश्चिमी बंगाल | 2250674 |
|  |  | **19847001** |